प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिये प्रदेश की 14 सीटों पर आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ सम्पन्न : शाम पांच बजे तक 55 दशमलव आठ प्रतिशत के करीब हुआ मतदान।
2. प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी कल दो दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे उत्तर प्रदेश : महिला सम्मेलन समेत तीन चुनावी रैलियों को करेंगे संबोधित।
3. लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिये प्रदेश में प्रचार हुआ तेज : उपमुख्यमंत्रो केशव प्रसाद मार्य ने सिदार्थनगर और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संतकबीरनगर में जनसभा को किया संबोधित।

और

4. भीषण गर्मी और लू के चलते मौसम विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये रेड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिये ऑरेंज अलर्ट किया जारी : मेरठ, नोएडा और गाजियबाद में आठवीं तक के स्कूल किये गये बंद।

———————————

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों– लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी,

बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में आज मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। इस चरण में लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिये भी मतदान हुआ। 14 लोकसभा सीटों समेत एक विधानसभा सीट के लिये मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चला।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शाम पांच बजे तक 55 दशमलव आठ शून्य प्रतिशत के करीब मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि शाम पांच बजे तक सबसे अधिक बाराबंकी में 64 दशमलव आठ छह प्रतिशत के करीब मतदान और सबसे कम लखनऊ में 49 दशमलव आठ आठ प्रतिशत के करीब मतदान की सूचना है। वहीं लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिये शाम पांच बजे तक 50 प्रतिशत मतदान की खबर है।

झांसी के ललितपुर जिले के सोल्दा गांव में आज सौ प्रतिशत मतदान की खबर है। इस गांव में 375 वोट थे, सभी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

झांसी *से हमारे साथ जुड़ रहे हैं हमारे प्रतिनिधि अभय श्रीमाली प्रश्न अभय* झांसी *में आज के मतदान को कैसे देखते हैं आप ?*

आज के मतदान से कई प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भाग्य का फैसला होगा। लखनऊ संसदीय सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। वह पिछले दो चुनावों में यहां से

जीतते रहे हैं। श्री सिंह का मुकाबला इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा और बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार सरवर मलिक सहित दस उम्मीदवारों से है। वहीं रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने भाजपा ने प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को उतारा है। उधर, अमेठी संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वहां कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मोहनलालगंज सुरक्षित सीट से केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर तीसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं, जबकि उनके सामने समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री आर.के.चौधरी हैं।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के कारण फैजाबाद सीट भी काफी महत्वपूर्ण है। इस सीट पर भाजपा के लल्लू सिंह के खिलाफ सपा के अवधेश प्रसाद और बसपा के सच्चिदानन्द पांडेय चुनावी मैदान में हैं।

फैजाबाद से जुड़ रहे है हमारे प्रतिनिधि तन्मय सोनी.... ........ *?*

*प्रश्न–तन्मय आज कैसा मतदान रहा.........?*

2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इन चौदह सीटों में से तेरह सीटें जीती थीं। कांग्रेस सिर्फ रायबरेली सीट जीत सकी थी और वहां से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी निर्वाचित हुई थीं।

———————————

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी कल दो दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश पहुंचेंगे। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में तीन रैलियों समेत एक महिला सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री सबसे पहले कल प्रयागराज में फूलपुर और प्रयागराज सीट से पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैली करेंगे। इसके बाद वाराणसी में महिला सम्मेलन में शामिल होंगे और वहीं रात्रि विश्राम करेंगे। एक रिपोर्ट........

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर कल शाम वाराणसीपहुंचेंगे। वाराणसी पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्य नाथ भी उनके साथ रहेंगे। वाराणसी के पुलिस लाइन पर हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर प्रमुख भाजपा नेताओं द्वाराउनकी अगवानी की जाएगी। इसके पश्चात प्रधानमंत्री वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृतविश्वविद्यालय में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करेंगे इस सम्मेलन में मंच संचालन सहित अन्य सभी भूमिकाएं महिलाओं द्वारा ही निभाई जा रही हैं। सम्मेलन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। लगभग 1 घंटे के इस सम्मेलनके पश्चात प्रधानमंत्री बीएलडब्ल्यू स्थित गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो जाएंगे ,वही पर रात्रि विश्राम करेंगे इस दौरान वह काशी केप्रबुद्ध लोगों मुलाकात कर चुनाव संचालन की जानकारी भी प्राप्त कर सकते है। अगले दिन वह यहां से अगले गंतव्य के लिए रवाना हो जाएंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

22 मई को प्रधानमंत्री बस्ती में चुनावी जनसभा में हिस्सा लेंगे। यह रैली बस्ती, संतकबीरनगर और डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री श्रावस्ती लोकसभा

क्षेत्र में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा समेत अन्य इंतजाम पूरे किये जा रहे हैं।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्रो और भाजपा के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मार्य ने आज सिद्धार्थनगर और जौनपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने पूर्ववर्ती सपा, बसपा और कांग्रेस सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि जब उनकी सरकार थी, तब इन पार्टियों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संतकबीरनगर और

बस्ती में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा सरकार पर किसानों का कर्ज माफ न करने का आरोप लगाते हुए सपा प्रमुख ने वादा किया कि उनकी सरकार आएगी तो किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा। उधर, सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मऊ में जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर बेईमानो और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने कोई काम नहीं किया है। आज किसान, गरीब, नौजवान सभी परेशान हैं।

——————————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है, जिससे जन–जीवन प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के लिये पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिये रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले चार दिनों तक तेज लू चलने की आशंका है। कहीं–कहीं रात में भी इसका असर महसूस किया जायेगा।

प्रदेश में हीट वेव के असर को देखते हुए मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद में कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को 25 मई तक के लिये बंद कर दिया गया है। इस संबंध मं

जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

(समाप्त)